भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
04.12.2019 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2567 का उत्तर

रेलगाड़ियों का ठहराव

2567. श्री सी.एन. अन्नादुरईः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मंत्रालय को जानकारी है कि लाखों श्रद्धालु अरूनाचलेश्वर मंदिर और पवित्र पर्वत (गिरिवल्लम) के दर्शन और परिक्रमा करने हेतु तिरुवन्नमलाई आते हैं;

(ख) क्या तिरुवन्नमलाई का नजदीकी ठहराव काथपाड़ी और विल्लुपुरम है जो शहर से 80 किलोमीटर दूर है;

(ग) यदि हां, तो पुड्डुचेरी-हावड़ा एक्सप्रेस का तिरुवन्नमलाई स्टेशन पर ठहराव नहीं होने के क्या कारण हैं; और

(घ) तिरुवन्नमलाई आने वाले श्रद्धालुओं के लाभार्थ पुड्डुचेरी-हावड़ा एक्सप्रेस के तिरुवन्नमलाई स्टेशन पर ठहराव के लिए कब तक निदेश जारी किए जाने की संभावना है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): तिरूवन्नमलई स्टेशन, जो अरूणाचलेश्वर मंदिर में आने वाले इच्छुक श्रद्धालुओं/यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करता है, इस समय 12 मेल/एक्सप्रेस और 6 यात्री (एकल में) गाड़ियों द्वारा सेवित है। इसके अलावा, गाड़ी सं. 12867/12868 हावड़ा-पुड्डुचेरी एक्सप्रेस एकमात्र गाड़ी है जो मार्ग में सीमित ठहराव वाली एक लंबी दूरी की गाड़ी सेवा है और इस समय तिरूवन्नमलई स्टेशन पर इसका निर्धारित ठहराव नहीं है। इस गाड़ी के मार्ग में ठहरावों में वृद्धि करने से न केवल गाड़ी की गति धीमी हो सकती है, बल्कि इसके कारण थ्रू यात्रियों को असुविधा हो सकती है।

******

sk